तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कार्यकर्ता-जनता के बीच मजबूत पकड़ वाले चेहरे ...



10 सेवा संकल्प अभियान के तहत कॉलेज मे हुई रंगोली...



हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 7

खबर संक्षेप

डंगनिया तालाब में युवती का मिला शव

भिलाई। तालाब में युवती की लाश मिली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम डंगनिया के तालाब में नम्रता उर्फ तनू साहू नामक युवकी की लाश मिली है। शव का शिनाख्त पुलिस ने किया है। ग्रामीणों ने तालाब में युवती का शव तैरते देखे जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। निरीक्षक महेश ध्रुव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। संदेह जताया जा रहा है कि युवती ने पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मरचूरी भेजा गया है। फिलहाल युवती की मौत के कारणों का पता अभी तक चल नहीं पाया है। जांच के बाद ही कारणों का पता चला पाएगा।

शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की मिली लाश

भिलाई। शिवनाथ नदी में वृद्ध महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि वृंदावन रेस्टोरेंट के पीछे नदी में 60 वर्षीय वृद्ध की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को गोदाखोरों की मदद से बाहर निकालकर शव को मरचूरी भेज दिया है। मृतका पैरों में काले रंग की चप्पल पहनी थी। शरीर पर गोदना बना हुआ है। जिससे उसकी शिनाख्त करने का प्रयास पुलिस कर रही है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

भिलाई। ड्राई डे पर अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को अवैध रूप से देशी शराब बेचने की शिकायत मिली। पुलिस ने दबिश देकर अड़िया मोहल्ला, जोन-02 खुर्सीपार राजु मांझी को शराब बेचते पकड़ा गया। शास्त्री नगर खुर्सीपार गोपाल तेलभुलकर को भी पकड़ा गया। दोनों के पास से 28 पौवा देशी शराब, रकम 100 रुपये, कुल कीमत 2,340 रुपये और 30 पौवा देशी शराब, रकम 100 रुपये, कुल 3,100 रुपये बरामद किया है।

कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाला गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन पर फर्म का माल सप्लाई कर राशि हड़पने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि शिवम शुभ निवास दुर्ग निवासी दिव्यांश कुकरेजा ने शिकायत किया कि चंगोराभाठा रायपुर निवासी आकाश शुक्ला फर्म शिवम शुभ शॉप,केमिकल वर्क्स, चंदखुरी में कमीशन के आधार पर काम करता था। कार्य के दौरान आकाश फर्म का वॉशिंग पाउडर,साबुन विभिन्न व्यावसायिक पार्टियों को सप्लाई किया गया। उससे मिले रकम को स्वयं अपने पास रख लिया करता था। 28 अप्रैल को अग्रवाल किराना स्टोर, लवन के नाम से मंगाई गई 122 बोरी वॉशिंग पाउडर की राशि 3.70 लाख 49 की राशि आकाश अपने पास रख लिया। मामले में पुलगांव पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज किया। विवेचना के बाद आकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

युवा संसद प्रतियोगिता में बेमेतरा नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

52 छात्र-छात्राओं व 4 संरक्षकों की टीम ने नर्मदापुरम में लिया हिस्सा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के 52 छात्र-छात्राओं एवं 4 संरक्षकों की टीम ने 1 अक्टूबर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेड़ा, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) में आयोजित 28वीं युवा संसद प्रतियोगिता में सहभागिता की।

प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों,नेतृत्व क्षमता,तार्किक अभिव्यक्ति तथा समसामयिक विषयों की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम की शुरुआत नवनिर्वाचित छात्र सांसदों को हिंदी, अंग्रेजी एवं गुजराती भाषाओं में शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके बाद सदन के अध्यक्ष ने कार्यवाही प्रारंभ कराई। युवा संसद के दौरान विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, सदन में विचार-विमर्श और तर्कपूर्ण संवाद की प्रक्रिया को नजदीक से समझा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहे। विशेष बात यह रही कि सांसद चौधरी स्वयं वर्ष 1986 से 1993 तक नवोदय विद्यालय नर्मदापुरम के विद्यार्थी रह चुके हैं। नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में उनकी उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रही।



विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की

कार्यक्रम का संयोजन नवोदय विद्यालय भोपाल संभाग के सहायक आयुक्त त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। इस दौरान पूरी टीम ने संसदीय व्यवस्था की बारीकियों को समझने के साथ अपने ज्ञान, तार्किक चिंतन और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री दहिकर ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को संसदीय कार्यवाही और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। साथ ही उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, तार्किक चिंतन और सामाजिक-राजनीतिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित होती है।

कार्रवाई : वाहन चालक बनाने का भरोसा देकर तीन लोगों से लिए रुपए

मंत्रालय की नौकरी का झांसा, 8 लाख 38 हजार रुपए हड़पे, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

मंत्रालय रायपुर में वाहन चालक की नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लोगों से 8 लाख 38 हजार रुपए लेने और रकम हड़पने के मामले में साजा पुलिस ने तिल्दा नेवरा निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नौकरी लगाने का भरोसा देकर शिकायतकर्ता सहित दो अन्य लोगों से नगद और ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपए लिए थे। रकम लेने के बाद न तो नौकरी लगाई और न ही पैसे वापस किए।

शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम बोतका निवासी खेमन लाल वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा ने थाना साजा में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि तिल्दा नेवरा निवासी शैलेन्द्र पात्रे ने मंत्रालय रायपुर में वाहन चालक के पद पर नौकरी लगाने का भरोसा दिया था। आरोपी ने खेमन लाल से 1 लाख रुपए लिए। इसके बाद उसके फुफेरे भाई यशवंत वर्मा से 3 लाख 88 हजार रुपए तथा ग्राम लालपुर निवासी धर्मेन्द्र वर्मा से 3 लाख 50 हजार रुपए लिए। इस तरह आरोपी ने तीनों से कुल 8 लाख 38 हजार रुपए प्राप्त किए। शिकायतकर्ता के मुताबिक रकम लेने के बाद भी आरोपी ने नौकरी नहीं लगवाई। काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने पैसे लौटाने में भी आनाकानी की। इसके बाद खेमन लाल वर्मा ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



पूछताछ में अपराध स्वीकारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव और एसडीओपी बेरला रुचि वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक जनक साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र पात्रे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए है, तथा 500 रुपए नगद जब्त किया है। आरोपी शैलेन्द्र पात्रे पिता राजकुमार पात्रे, उम्र 36 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14 तिल्दा नेवरा, थाना तिल्दा, जिला रायपुर को 3 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक जनक साहू, चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद, उप निरीक्षक असीम किर्तनिया, प्रशिक्षु उप निरीक्षक चंचल पांडेय, प्रधान आरक्षक पवन राजपूत, दुर्गेश तिवारी, शिवराज सिंह, उमाशंकर ठाकुर, आरक्षक बिरेन्द्र चंद्रवंशी, शिव कुमार यादव, राजू यादव, गोकुल सोनी, अर्जुन धुर्वे, प्रमोद बंजारे सहित थाना साजा के स्टाफ की भूमिका रही।

तालाब का बंधान खोदकर मिट्टी बेचने का आरोप

बिना पंचायत प्रस्ताव मेड़ से मिट्टी निकालने का दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- लाखों से बने तालाब की सुरक्षा से खिलवाड़ क्यों? जांच, रिकवरी और कार्रवाई की मांग : ग्रामीण

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत जामगांव में पंचायत के कामकाज को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम पंचायत के गौठान तालाब की सुरक्षात्मक मेड़ (बंधान) से मिट्टी निकालकर बाहर बेचने का आरोप सरपंच पर लगा है।

ग्रामीणों और पंचायत के पंचों का कहना है कि तालाब की मेड़ से मिट्टी निकालने के लिए न तो पंचायत का प्रस्ताव पारित किया गया और न ही ग्राम सभा में इस संबंध में कोई निर्णय लिया गया। इसके बावजूद मेड़ की मिट्टी निकालकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाई गई। आरोप है कि इसमें से केवल 4-5 ट्रिप मिट्टी गांव में उपयोग की गई, जबकि बड़ी मात्रा में मिट्टी बाहर बेच दी गई। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि जिस तालाब के गहरीकरण और पचरीकरण पर मनरेगा मद से लाखों रुपए खर्च किए गए और जिसकी मेड़ को मजबूत कर जल संरक्षण के उद्देश्य से विकसित किया गया, उसी मेड़ को कथित तौर पर खोदकर मिट्टी बाहर बेचे जाने से तालाब की सुरक्षा और उपयोगिता पर सवाल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मिट्टी की मात्रा और उसके उपयोग का सत्यापन करने तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति से राशि की रिकवरी और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

▶▶शेष पेज 10 पर

आंगन मिलन में गूंजा सेवा और अपनत्व का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 16/13 में आयोजित 'आँगन मिलन' कार्यक्रम में सेवा, अपनत्व और जनभागीदारी का संदेश गूंजा। आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी महिलाओं, बच्चों, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में पारंपरिक अन्नप्राशन एवं गोद भराई की रस्म विधिवत संपन्न कराई गई। नन्हे बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया, वहीं गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उनके स्वस्थ एवं सुखद मातृत्व की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं जमीनी स्तर पर बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा माताओं के स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच रहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि 'आँगन मिलन' जैसे आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में अपनत्व, सेवा और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम हैं। बच्चों के स्वस्थ विकास और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण के साथ जागरूकता भी जरूरी

▶▶शेष पेज 10 पर

- अन्नप्राशन व गोद भराई की रस्म के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



आरोग्य मंदिर-स्कूल के पास शाम ढलते ही सजती है शराबियों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा में सार्वजनिक और संवेदनशील स्थानों के आसपास कथित खुलेआम शराबखोरी से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और स्कूल परिसर के आसपास शाम ढलते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है।

नशे में धुत लोग देर तक वहां बैठे रहते हैं और कथित तौर पर राहगीरों तथा आसपास के रहवासियों से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे खासकर महिलाओं, युवतियों, बच्चों और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर लोग इलाज कराने पहुंचते हैं और जहां बच्चों की पढ़ाई होती है,उसके आसपास शराब खोरी का माहौल बनना गंभीर चिंता का विषय है। शाम होते ही कुछ लोग यहां एकत्र होकर शराब पीते हैं। शराब सेवन के बाद विवाद और अभद्र व्यवहार की स्थिति बनने से आसपास रहने वाले परिवार भी परेशान हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, कई बार इस संबंध में आपत्ति जताने पर शराब पीने वाले लोग उल्टा विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं।

- कचरा और गाली-गलौज से बिगड़ रहा माहौल; पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग



बोतल और डिस्पोजल से पट जाता है परिसर

शराबखोरी के बाद खाली शराब की बोतलें, प्लास्टिक के डिस्पोजल, पानी के पाउच और अन्य कचरा परिसर के आसपास फेंक दिया जाता है। इससे आरोग्य मंदिर और स्कूल के आसपास गंदगी का आलम बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर ग्राम पंचायत और स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है, वहीं दूसरी ओर शराब पीने वाले कथित तौर पर सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाकर स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं।

▶▶शेष पेज 10 पर

विजय शर्मा और खुशवंत गुरु की मौजूदगी में सक्रिय दिखा बघेल विरोधी खेमा, जिला-मंडल संगठन भी रहा कार्यक्रम से दूर

प्रदेश सरकार के सीनियर मंत्री बघेल के क्षेत्र में उनके बिना मंत्रियों का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आयोजित दो राजनीतिक कार्यक्रमों ने जिले की भाजपा की अंदरूनी राजनीति को फिर चर्चा में ला दिया है। चार बार के नवागढ़ विधायक और वर्तमान कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के विधानसभा क्षेत्र धनगांव और नवागढ़ में आयोजित इन कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा कैबिनेट मंत्री खुशवंत गुरु की मौजूदगी रही, लेकिन स्थानीय विधायक और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल इन आयोजनों में नजर नहीं आए।

खास बात यह रही कि कार्यक्रमों में बघेल के राजनीतिक विरोधी माने जाने वाले नेताओं की सक्रिय मौजूदगी रही। ऐसे में एक ही पार्टी की सरकार और संगठन में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में उनके बिना प्रदेश के दो मंत्रियों की मौजूदगी में हुए इन आयोजनों को लेकर भाजपा के स्थानीय संगठन और राजनीतिक हलकों में सवाल उठने लगे हैं। मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भाजपा स्वयं को कैडर आधारित और संगठनात्मक अनुशासन वाली पार्टी के रूप में प्रस्तुत करती है।

ऐसे में स्थानीय विधायक की गैरमौजूदगी में उनके ही विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम और उनमें उनके राजनीतिक विरोधी माने जाने वाले नेताओं की सक्रियता को पार्टी के भीतर अलग-अलग नजरिए से देखा जा रहा है। स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि यदि किसी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश स्तर के मंत्रियों का कार्यक्रम आयोजित होता है तो स्थानीय विधायक और संगठन को इसकी जानकारी तथा समुचित समन्वय होना चाहिए। लेकिन इन आयोजनों को लेकर जिला और मंडल संगठन के पदाधिकारियों को समय पर जानकारी नहीं मिलने की चर्चा ने संगठनात्मक प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं।



संगठन को जानकारी नहीं मिलने पर पदाधिकारियों में नाराजगी

भाजपा के कुछ पदाधिकारी नाम नहीं छापने की शर्त पर कहते हैं कि जिले में बड़े नेताओं के कार्यक्रमों की जानकारी कई बार जिला या मंडल संगठन को पहले से नहीं मिलती। नवागढ़ के हालिया कार्यक्रमों को लेकर भी यही स्थिति सामने आने की बात कही जा रही है। पदाधिकारियों का कहना है कि भाजपा में बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठनात्मक ढांचा निर्धारित है और बड़े नेताओं के कार्यक्रमों में स्थानीय संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पार्टी के भीतर सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब कार्यक्रम वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और चार बार के विधायक दयालदास बघेल के विधानसभा क्षेत्र में आयोजित हो रहे थे, तो उन्हें कार्यक्रम का हिस्सा क्यों नहीं बनाया गया? और यदि कार्यक्रम राजनीतिक रूप से संगठनात्मक थे, तो स्थानीय जिला एवं मंडल संगठन को इसकी जानकारी और जिम्मेदारी क्यों नहीं दी गई?

चार बार के विधायक, तीन बार रह चुके हैं मंत्री

दयालदास बघेल नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 2003, 2008, 2013 और 2023 में चार बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। वे पूर्व में भी राज्य सरकार में मंत्री रह चुके हैं और वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं। ऐसे में उनके विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के दो कैबिनेट स्तर के नेताओं का कार्यक्रम और उसमें स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति राजनीतिक रूप से स्वाभाविक तौर पर चर्चा का विषय बन गई है।

विरोधी खेमे की मौजूदगी ने बढ़ाई राजनीतिक चर्चा

इन कार्यक्रमों में उन नेताओं की सक्रिय मौजूदगी भी चर्चा में है, जिन्हें स्थानीय स्तर पर दयालदास बघेल के विरोधी खेमे से जोड़कर देखा जाता रहा है। ऐसे में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्री खुशवंत गुरु की मौजूदगी में इन नेताओं का मंच साझा करना महज कार्यक्रम तक सीमित नहीं माना जा रहा है, बल्कि इसे नवागढ़ भाजपा के भीतर बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में देखा जा रहा है। हालांकि इन नेताओं की ओर से कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की गुटीय राजनीति या बघेल के विरोध का सार्वजनिक दावा सामने नहीं आया है। परंतु भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों के बीच अब चर्चा इस बात को लेकर है कि क्या प्रदेश स्तर के नेताओं के ऐसे कार्यक्रम स्थानीय संगठन और निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय से आगे भी होंगे, या नवागढ़ में संगठन से इतर राजनीतिक गतिविधियों का यह सिलसिला जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

दूध कारोबारी ने की मासूम से छेड़खानी

भिलाई। दूध कारोबारी के पांच वर्ष मासूम के साथ छोड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना खुर्सीपार पुलिस थाने का है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दूध कारोबारी को हिरासत में लेकर पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दिलावर यादव नामक व्यक्ति ने पांच साल की मासूम के साथ छेड़खानी की है। मासूम ने जब परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दिलावर को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीएसपी प्रशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि दिलावर यादव को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ और जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

कंचन नागवंशी की कहानी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से

भिलाई। छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से महिलाओं के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रम घर आंगन में किया जाएगा।6 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 01.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। कंचन नागवंशी एफएसएनएल के पूर्व राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी की सुपुत्री है। वह छत्तीसगढ़ी और हिंदी में कहानी, कविता, सम-सामयिक विषयों पर आलेख, लेख निरंतर लिख रही है। उनकी छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण 981 किलो मीटर हर्टस एवं छत्तीसगढ़ के सभी केन्द्रों और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है।

खेलकूद के साथ स्वस्थ शिशुओं को किया पुरस्कृत

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज हनुमान मंदिर के पास, शकुंतला स्कूल, विवेकानंद स्कूल के पास आंगन मिलन एवं सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। समारोह के दौरान मेहंदी, रंगोली एवं स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के साथ बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

युवा कांग्रेस चुनाव : फर्जी वोटिंग और झड़प के आरोप, पुलिस तक पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया समाप्त होने के साथ ही दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सियासी पारा गरमा गया है। चुनाव के अंतिम दिनों में फर्जी वोटिंग, ऐप हैकिंग, वर्चुअल नंबरों से ओटीपी और झड़प जैसे गंभीर आरोपों से माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। दुर्ग-भिलाई में ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया को लेकर काफी सवाल उठे हैं। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अर्जुन शर्मा ने खुद खुर्सीपार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि सेक्टर-10 निवासी अनिल सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा फर्जी वोटर आईडी कार्ड तैयार करवाकर ऑनलाइन फर्जी मतदान कराया गया। खुर्सीपार स्थित सरकारी आईटीआई में युवाओं से कथित तौर पर फर्जी वोटिंग कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसे लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई। साथ ही वर्चुअल नंबरों, एआई तकनीक से वीडियो/फोटो जनरेट करने और फर्जी ओटीपी के जरिए वोट मैनेज करने के आरोप के साथ चुनावी ऐप को लेकर लगाए गए हैं।

दुर्ग-भिलाई बना हॉट स्पॉट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव की साख दांव पर

गुटबाजी और हिंसक झड़पें

दुर्ग-भिलाई शुरू से ही युवा कांग्रेस चुनाव का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट रहा है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव समर्थकों के बीच खींचतान की खबरें सामने आई हैं। कुछ दिन पहले ही खुर्सीपार क्षेत्र में प्रचार के दौरान भिलाई नगर प्रत्याशी रोबिन सिंह के समर्थकों (कांग्रेसी पार्षद के बेटे रोहन सिंह) और अर्जुन शर्मा के भाई शुभम शर्मा के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई थी, जिसके बाद पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

डिलीवरी बॉय से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

नेहरू नगर में एक पिज्जा डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ, जिसमें दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन सिंह और उनके साथियों पर सुपेला थाने में प्राथमिक दर्ज की गई है।

पूर्व सीएम और विधायक की इमेज दांव पर

यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिला हॉट स्पॉट बना हुआ है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक देवेंद्र यादव के समर्थक अध्यक्ष पद के लिए अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। यह कहा जा रहा है कि दोनों दिग्गजों ने इस चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद जैसे सभी पैंतरे खेलें हैं।

स्क्रूटनी और भाजपा का हमला

स्क्रीनिंग में निरस्त हो सकते हैं वोट : कांग्रेस के चुनावी तंत्र से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि दर्ज शिकायतों की जांच होगी और स्क्रूटनी के दौरान संदिग्ध फर्जी वोटों को रद्द किया जाएगा। भाजपा का तंज : इस पूरे विवाद को लेकर भाजपा ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ताओं ने इसे कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी, मतदाता सूची में धांधली और वोट चोरी का जीता-जागता प्रमाण बताया है।

मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण अटका, जर्जर ठेलों से कचरा उठाने की व्यवस्था

हथखोज बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का संकट अधूरे विकास कार्यों से वार्डवासी हैं नाराज

वार्ड परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 2 हथखोज बस्ती में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी सामने आई। करीब 8 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में मुक्तिधाम और तालाब सौंदर्यीकरण के अधूरे काम, जर्जर सड़क और नालियां, सफाई व्यवस्था में संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। हथखोज बस्ती स्थित मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन जमीन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम सीएसआईडीसी की होने के कारण यह काम वर्षों से अटका हुआ है। मुक्तिधाम के चारों ओर गंदगी और गंदा पानी जमा होने की स्थिति बनी हुई है। इसका उपयोग वार्ड 1 इंदिरा नगर हथखोज, वार्ड 2 हथखोज बस्ती और वार्ड 3 अकलोरडीह के लोग करते हैं। वार्डवासियों ने मुक्तिधाम का जल्द सौंदर्यीकरण कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वार्डवासियों ने जर्जर सड़कों और नालियों की समस्या भी उठाई। बारिश और जलभराव के दौरान इन समस्याओं से लोगों को और अधिक परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि सड़क, नाली और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं पर प्राथमिकता से काम होना चाहिए।

1.10 करोड़ का तालाब सौंदर्यीकरण भी अधूरा







1.10 करोड़ की स्वीकृति, पांच साल बाद भी तालाब सौंदर्यीकरण अधूरा

रौशन वर्मा और सुरजीत वर्मा ने बताया कि वार्ड में चार तालाब हैं। इनमें बंधवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए की स्वीकृति



लगभग पांच साल पहले दी गई थी। पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने में करीब दो माह बाकी हैं, लेकिन तालाब का सौंदर्यीकरण अभी भी पूरा नहीं हुआ है। तालाब की साफ-सफाई नहीं होने से चारों तरफ झाड़ियां और जंगल उग आए हैं। तालाब का पानी भी काला पड़ चुका है। प्लेबर ब्लॉक सहित कई निर्माण कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं। लोगों का कहना है कि राशि स्वीकृत होने के बावजूद विकास कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया।

जर्जर हाथठेलों के भरोसे कचरा संग्रहण

वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी है।



वार्ड निवासी मालती बंछोर और अन्नपूर्णा ने बताया कि कचरा संग्रहण के लिए इस्तेमाल होने वाले कई हाथठेले जर्जर हालत में हैं। संसाधनों की कमी के कारण वार्ड के सभी मोहल्लों से प्रतिदिन कचरा नहीं उठ पाता। वार्ड में कचरा संग्रहण अलग-अलग मोहल्लों में अलग-अलग दिन किया जाता है। बताया गया कि उपलब्ध दो ई-रिक्शा में से एक खराब पड़ा है। ऐसे में सीमित संसाधनों के सहारे सफाई व्यवस्था संचालित की जा रही है।

भाजपा पार्षद का वार्ड होने से सौतेला व्यवहार

वार्ड पार्षद राकेश बंछोर ने आरोप लगाया कि भाजपा



पार्षद का वार्ड होने के कारण हथखोज बस्ती के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वार्ड में किए गए कई काम पार्षद निधि से कराए गए हैं। पार्षद के मुताबिक वार्ड पहले अंधेरे में डूबा रहता था। ऐसे में पार्षद निधि से बिजली खंभों पर लाइट की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद के 11 करोड़ रुपए और नगरोत्थान मद के 29 करोड़ रुपए में से वार्ड के विकास के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए की मांग की गई थी, लेकिन राशि नहीं मिली। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, नाली निर्माण के लिए 30 लाख रुपए और मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए की मांग की गई थी।

शीघ्र दिए जाएंगे नए हाथ ठेले

हाथ ठेलों के लिए टेंडर हो गया है। शीघ्र ही सभी वार्डों को कचरा एकत्रित करने नए हाथ ठेले उपलब्ध कराए जाएंगे।
-दीएस राजपूत, आयुक्त, नगर निगम भिलाई-चरोदा

चित्रों में दिखा विकसित भारत का सपना, भाषण में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेरला में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और विचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चित्रकला में बच्चों ने विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को रंगों के माध्यम से उकेरा, वहीं भाषण प्रतियोगिता में देश के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी कलाकृतियों का अवलोकन किया। बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए, वह उनकी मेहनत, तैयारी और सकारात्मक सोच को दर्शाता रहा। चित्रों में विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की तस्वीर प्रस्तुत की तो भाषणों में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को प्रमुखता से रखा।

- बेरला में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता ; योगेश ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

योगेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें उचित मंच और अवसर मिलना जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें नए विचारों के लिए प्रेरित करती हैं। शिक्षा के साथ संस्कार, रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होना आवश्यक है। आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश का नेतृत्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी के बिना पूरा नहीं हो सकता। युवाओं को ज्ञान, कौशल, नवाचार और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा।

इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में बेरला विधायक दीपेश साहू, मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र सिंह राजपूत, संध्या परगनिया, शाला समिति अध्यक्ष अमित माहेश्वरी, जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा, पार्षद लक्ष्मी लता वर्मा, पुरुषोत्तम यादव, एल्डरमैन कन्हैया सेन, जनपद सदस्य यशवंत निषाद, शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश, कमलेश निषाद, एल्डरमैन सूर्य प्रकाश साहू, प्रतिमा राजपूत, देवरा-बीजा मंडल अध्यक्ष सेवाराम साहू, शारदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, बेरला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजू साहू, कुलेश्वरी साहू, दीक्षांत साहू, मयंक राजपूत, गणेश बघेल, केशवराम साहू, त्रिलोक साहू सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कॉलेज मे हुई रंगोली प्रतियोगिता



थान खम्हरिया। स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महा विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।नाट्य प्रस्तुति का विषय- 25 वर्षों की सेवा छत्तीसगढ़ में आए बदलाव सरल, भावनात्मक, संगीतमय शैली में था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रशेखर सिंह राजपूत(जनभागीदारी सदस्य), प्रवल किशोर मिश्रा, ओम प्रकाश मरकाम (प्राध्यापक) डॉ. कन्हैया साहू, प्रमोद कुमार, दिलचंद मैत्री, विनोद ध्रुव उपस्थित थे। इस रंगोली का रचनात्मक कार्य इन छात्राओं द्वारा किया गया जिसमें सोनिका, संध्या, युतिका, निधि, ममता, किरण, सानू, त्रिवेणी साहू, राधिका चंद्राकर, लक्ष्मी निषाद है,प्रतिभागीयो को उचित ईनाम ने नविजा गया।

विद्यार्थियों ने चित्रों और विचारों में दर्शाया मेरे सपनों के भारत की तस्वीर, शिक्षा मंत्री ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किये और उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना किये । प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचारों और कल्पनाओं को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग के जेआरडी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से साकार करते हुए तकनीक, संस्कार, स्वच्छता और विकसित भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की। वहीं, स्कूल की बालिकाओं ने प्रभावी भाषण के माध्यम से देश के विकास में युवाओं की भूमिका और अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को रेखांकित किये। जेआरडी स्कूल में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए



चित्रों का अवलोकन कर और उनसे बातचीत करते हुए उनके चित्र में ऊकेरे उनके विचारों को जाने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सेवा संकल्प अभियान के तहत यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, विचार और रचनात्मकता को सामने रखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चित्र और भाषण के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला महामंत्री दिलीप साहू, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा, जेडी के व्ही राव, डीईओ जगजीत सिंह धीर सहित अन्य उपस्थित थे।

गोपालपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



साजा। भाजपा मंडल थान खम्हरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति एवं प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा सदस्य गोवेन्द्र पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रशेखर राजपूत, जिला सोशल मीडिया संयोजक हेमंत साहू, पिछड़ा मोर्चा सदस्य दौलत नाथ योगी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चंद्राकर सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, उपाध्यक्ष ओमन साहू एवं हिमांचल चौबे, महामंत्री पारस नाथ योगी, अनुसूचित जनजाति मंडल उपाध्यक्ष परमेश्वर मंडावी, पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी वासु सिंह बैस, युवा मोर्चा मंत्री योगेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण में सहभागिता निभाई।

सितंबर माह में ट्रैफिक पुलिस ने 7,610 वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

भिलाई। ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों पर फोकस करते हुए हुए माह सितंबर में 7610 वाहन चालको पर कार्रवाई किया है। जिले में हादसों को रोकने ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान शुरु किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष रूप से उन ट्रैफिक उल्लंघनों पर फोकस किया गया, जो सड़क हादसों का बड़ा कारण माने जा रहें है। सितंबर माह में शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 142 वाहन चालकों, तेज रफ्तार वाहन 178, बिना हेलमेट 6,517 वाहन , नो-एंट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 29 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट समेत हादसे संभावित क्षेत्रों में समयानुसार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सेवा भाव को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्वच्छता

- श्री शंकरा विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और सेवा का संदेश

भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल



बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख, उपप्रधानाचार्य विजियन बी, प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन और चरनीत कौर संधू, बालवाटिका प्रभारी एम. प्रणति सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं अंजनी साहू एवं शांति मानिकपुरी ने गांधी-शास्त्री जयंती के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कल्याणी बोरतवार ने किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, साफ-सफाई, श्रमदान और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय के प्राचार्य बिपिन देशमुख ने कहा कि गांधीजी के विचार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें अपने आचरण और दैनिक जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, सचिव एस. स्वामीनाथन एवं समिति के अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को सेवा और सामाजिक दायित्व के प्रति प्रेरित किया।

प्रथम दिन भागवत महात्म्य और गोकर्ण संवाद का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2 भिलाई में प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा के आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का

- बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन श्री मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे मानसपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा से परिचित कराया। कथा के दौरान महाराज ने भागवत महात्म्य एवं







गोकर्ण संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के श्रवण की महिमा और उसके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सद्मार्ग दिखाने वाला दिव्य ग्रंथ है। इसके श्रवण और मनन से मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है। कथा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में कमिश्नर राजीव पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भक्तगण उपस्थित थे।



सत्संग से ही मिलता है जीवन का विवेक, संत की पहचान के लिए अच्छा इंसान बनना जरूरी : आचार्य युवराज पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭उतई

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग ग्रामीण द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिन हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास परम पूज्य आचार्य पं. श्री युवराज पांडेय जी महाराज ने निषादराज मिलन, केवट प्रसंग, चित्रकूट निवास और राजा दशरथ के देवलोक गमन के प्रसंगों का अत्यंत हृदयस्पर्शी वर्णन किया।

महाराज जी ने बताया कि श्रीराम के वन गमन के बाद पुत्र वियोग में 'हा राम-हा राम' पुकारते हुए राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए, जिससे खुशियों में डूबी अयोध्या शोक में डूब गई। उन्होंने भरत जी के त्याग का स्मरण कराते हुए कहा कि जिस राजसिंहासन के लिए कैकेयी ने सब किया, उसे भरत ने सहर्ष



ठुकरा दिया; भ्रातृ-प्रेम का ऐसा उदाहरण संसार में दुर्लभ है। सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जी ने कहा कि बिना सत्संग के विवेक की प्राप्ति नहीं होती और सच्चे संत की पहचान के लिए व्यक्ति को स्वयं एक अच्छा इंसान बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने श्रृंगवेरपुर में निषादराज गुहराज को गले लगाकर यह संदेश दिया कि भगवान कभी छुआछूत नहीं मानते, उनके लिए सभी प्रिय हैं। केवट प्रसंग पर उन्होंने कहा कि प्रभु के चरण धोने का जो सौभाग्य केवट को मिला, वह देवताओं के लिए भी दुर्लभ था। इसके साथ ही उन्होंने रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए नारी को सर्वोच्च स्थान प्रदान करने की बात कही।

कथा में ये हुए शामिल

कथा के दौरान विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, इंद्रजीत छोटू सिंह, पालिका महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, झमित गायकवाड़, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल, योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू, रामसिंह सोनबोइर, सरपंच चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, गिरीश साहू, दुष्यंत साहू, कुलेश्वर जांगड़े और दीपक यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन दीपक कौशिक ने किया। अंतिम दिन दोपहर में कथा एवं रात्रि में 'रंग झरोखा' की सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित होगी।

अंचल की खबरें

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाया तीज मिलन



कुम्हारी। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई कुम्हारी द्वारा पारंपरिक तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने खो-खो, कुर्सी दौड़ व चम्मच दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पारंपरिक पकवानों का आनंद उठाया। वेशभूषा व पंथी नृत्य की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष योगिता वर्मा ने कहा कि कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं को सहेजने में हमेशा अग्रणी रहा है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव आजुराम वर्मा, पुष्पलता वर्मा, देवकी वर्मा, भुवनेश्वरी वर्मा, राधा वर्मा, नंदिनी वर्मा, निर्मला वर्मा, गोदा वर्मा, ललिता वर्मा, चित्ररेखा वर्मा, पुष्पा वर्मा, कमला वर्मा, गंगा वर्मा, साक्षी वर्मा, उर्वशी वर्मा, बीना वर्मा, गौतम वर्मा व रानी बंछोर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

शिविर में 140 समस्याओं का मौके पर समाधान

पाटन। अटारी स्थित खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन में आयोजित 'सेवा सेतु अभियान' शिविर में विभिन्न विभागों ने जनसमस्याओं का समाधान किया। नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष एवं खाद्य विभाग की टीम ने राशन कार्डधारियों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही खाद्यान्न योजनाओं का मार्गदर्शन दिया। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिविर का निरीक्षण कर स्टॉलों का अवलोकन किया और खाद्य विभाग की सक्रियता की सराहना की। शिविर में कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 140 का त्वरित निराकरण किया गया और 21 के लिए समय-सीमा तय की गई। इस अवसर पर नेत्रदान की घोषणा करने वाले ममता बिजौरा, नीता देवांगन और नेम सिंह भारद्वाज का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसडीएम प्रफुल्ल गुप्ता, जागेश्वर देशलहरे, योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत वर्मा, प्रवीण कुमार साहू, खेतलाला देशलहरे, केवल देवांगन, बाबा वर्मा, लोकमणी चंद्राकर, जित्तू निर्मलकर व बिज्जु देवांगन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गर्भवतियों की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन

निकुम। महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत निकुम में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आठ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके अलावा बाल गीत, रंगोली, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ व मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह में सरपंच भागवत राम पटेल, सीईओ प्रकाश मेश्राम, पीओ गौरव मिश्रा, एएनएम रेखा निर्मलकर, सचिव भारती विश्वास, फूकेश्वर साहू तथा मितानिन व ग्रामीण उपस्थित रहे। लक्ष्मी बेलचंदन, ममता यादव, हेमलता मिर्झा, अंबिका लहरे, भुनेश्वरी यादव, दुर्गा यादव, पदमिनी देशलाहरे, प्रभा मेश्राम, रमाबाई, उर्मिला, मीना बेलचंदन, भगवती साहू, सुशीला, कल्याणि, गोदावरी, शारदा साहू, लक्ष्मी, करुणा, यामिनी व अंजली को सम्मानित किया गया। राधा रमण ग्रुप एवं पंचायत द्वारा बच्चों को खिलौने भेंट किए गए।

सुरपा में चारों आंगनबाड़ी सेवार्थियों का हुआ सम्मान

जामगांव आर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास द्वारा सुरपा के चारों आंगनबाड़ी में संयुक्त रूप से आंगन मिलन सेवा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि सिन्हा, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद जैन, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू, सरपंच करेला राजेश बंछोर, बूथ अध्यक्ष किशोर सेन, उपसरपंच तेजराम देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, गजे साहू, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ममता साहू आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

जामुल वार्ड-5 में पोषण योजनाओं पर हुई चर्चा



जामुल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा व समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वार्ड-5 के स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों और उनकी माताओं को आमंत्रित कर फल एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला भिलाई की कोषाध्यक्ष लक्ष्मी देवी वर्मा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष (नपा जामुल) हरीश वर्मा, जिला मंत्री रूपेश्वरी वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य (भाजपा महिला मोर्चा) प्रियंका चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, कार्यकर्ता पूनम सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमिन देवांगन और जया गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

पाटन में 20 को धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा पर्व

पाटन। दशहरा उत्सव समिति की बैठक नगर पंचायत पाटन कार्यालय में हुई। समिति की बैठक में 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया कि शाम 5 बजे पुराना बाजार चौक रामलीला चबूतरा से निकल कर महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करके नगर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान अखरा पहुचेगी व राम - रावण का वध होगा एवं भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी, जिसको लेकर अभी से विशेष रूप से तैयारी की जा रही है व नागरिकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। उन्होंने समस्त नगरवासियों से शांति व सहयोग की अपील की है। बैठक में अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा भाले, हेमंत देवांगन, उपासना चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, केवल देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, जितेंद निर्मलकर, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, घनश्याम, अवधेश ठाकुर, राहुल वैष्णव, राकेश देवांगन सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए विविध आयोजन, मिला सम्मान

स्वच्छता अभियान के साथ याद किया बापू को

बापू-शास्त्री को दी पुष्पांजलि, चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 3 स्थित ओग्गर तालाब में स्वच्छता का संदेश देते हुए साफ-सफाई की गई तथा ₹स्वच्छ पाटन, सुंदर पाटन₹ का संदेश दिया गया।

इसके पश्चात नगर पंचायत कार्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने इस अभियान में सभी नगरवासियों से सहभागिता निभाने की अपील की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, सभापति केवल देवांगन, सभापति देवेंद्र ठाकुर, सभापति जितेंद्र निर्मलकर, सभापति नेहा वर्मा, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद संगीता धुरंधर, दामोदर चक्रधारी, गंगा प्रसाद देवांगन, प्रकाश बिजौरा, बाबा वर्मा, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, केशव बंछोर, मिलन देवांगन, अवधेश ठाकुर, घनश्याम सहित आदि मौजूद थे।

रैली व नाटक से दिया स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭उतई

गांधी जयंती के अवसर पर दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह (उतई) के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरपोटी में रैली व नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के.आर. सिन्हा ने तन, मन और धन की सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि सेवाभाव इंसान को विनम्र व सहनशील बनाता है। पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम पंचायत उमरपोटी के तालाब में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में उमरपोटी सरपंच वीरेंद्र साहू, करगाडीह सरपंच करण सेन, पालक-शिक्षक समिति सदस्य घनश्याम चंद्राकर, समाजसेवी हरीश यादव, विमला कामड़े, एकता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



'कुष्ठ मुक्त भारत' की दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुम्हारी में गांधी जयंती पर स्वच्छता एवं कुष्ठ मुक्त भारत अभियान आयोजित किया गया। परिसर की सफाई के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने उपस्थित लोगों को 'कुष्ठ मुक्त भारत' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आरएमए शिल्पा ताम्रकार व स्टाफ ने मीना वर्मा का श्रीफल देकर सम्मान किया। डॉ. अविनाश पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर अरुण वर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रीति तिवारी, ललिता निर्मलकर, आर. दुर्गा, प्रियंका यादव, खुशी श्रीवास्तव व माधव उइके उपस्थित रहे।

बटरेल में सादगी और सेवा संकल्प के साथ मनाई गई गांधी

जामगांव आर। ग्राम बटरेल में गांधी जयंती पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जन सेवा का संकल्प लिया। संध्याकालीन समारोह में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू, बटरेल सरपंच एमन आठे, सभापति प्रतिनिधि नारद साहू, अभयराम ठाकुर, बसंत साहू, कमलेश साहू, कमलेश यादव, सूरज निर्मलकर, तेजराम साहू, प्राचार्य टी.के. पिपरिया एवं अभिषेक सेन मंचासीन रहे।

धोबी समाज ने शुरू किया सामाजिक एकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने कुप्रथाओं, भेद-भाव व जबरिया दंड प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से 'सामाजिक एकता अभियान' का आगाज किया। इसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे और कोषाध्यक्ष गणेशराम निर्मलकर ने किया। समारोह में निर्णय लिया गया कि यदि समाज के भीतर (झेरिया व कनौजिया वर्ग में) रोटी-बेटी का संबंध होता है और कोई खाप पंचायत किसी को दंडित करती है, तो पीड़ित परिवार की शिकायत पर समाज अभियोजन की कार्रवाई करेगा और न्यायालय में कानूनी लड़ाई में साथ देगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र (नागपुर) में कांग्रेस महासचिव बनाए गए छत्तीसगढ़ के मूलचंद निर्मलकर का 'रजक ताज' पहनाकर अभिनंदन किया गया। मूलचंद निर्मलकर ने नागपुर के 'डिप्टी सिग्नल' धोबी समाज को छत्तीसगढ़ धोबी समाज में शामिल करने की मांग की, जिसे प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने स्वीकार करते हुए घोषणा की। सूरज निर्मलकर ने युवाओं व महिलाओं की पृथक टीम गठित कर सामाजिक जागरण चलाने का आह्वान किया। आयोजन में कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नकुल निर्मलकर, जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, सुपेला अध्यक्ष गौतम रजक, जिला महामंत्री किशोर निर्मलकर, अंबे बाघमार, टामन लाल कन्नौजे, भागबली निर्मलकर, सुभाष बुंदेल, राजू कन्नौजे, बजरंगी छाटा, ओमप्रकाश कन्नौजे, मनसुख लाल कनोजे, संतोष कनोजे, वरुण निर्मलकर, नेतराम निर्मलकर, अवधेश कुमार सोन, साहेब राम बरेट, मनोज कुमार बरेट, अखिलेश कर्ष व छोटेलाल कर्ष सहित प्रदेश भर के प्रतिनिधि शामिल हुए।





खबर संक्षेप

तालाब में डूबने से युवक की मौत, रेस्क्यू कर निकाला शव

भिलाई। तालाब में नहाते समय अचानक युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर स्थित शिव शक्ति तालाब में शुक्रवार को नहाते समय जामुल निवासी मनी जंघेल गहरे पानी में चला गया। घर से तालाब जाने के लिए युवक निकला था।सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद शव को जामुल पुलिस के हवाले किया। तालाब की गहराई अधिक होने के कारण युवक मनी पानी में डूब गया। आसपास के लोगों को घटना की खबर होने के बाद पुलिस और जिला सेनानी कार्यालय को सूचना दी। टीम अपने साथ पानी में तलाश और बचाव के लिए जरूरी जीवन रक्षक उपकरण लेकर शिव शक्ति तालाब पहुंची। मौके पर पहुंचने के बाद टीम ने तालाब की स्थिति का जायजा लिया। अनुभवी डीप डाइवर्स राजकुमार यादव, चंद्र प्रताप ने गहरे पानी में उतरकर सर्च ऑपरेशन चलाया। तालाब में युवक के संभावित स्थान पर अलग-अलग हिस्सों में तलाश की गई। एसडी आरएफ जवानों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी के भीतर तलाश किया। इसके बाद शव को सुरक्षित तरीके से तालाब से बाहर निकाला गया। शव को पुलिस को मिलने के बाद मर्ग पंचनामा किया। पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नशीली दवाओं की अवैध बिक्री में दो को 10-10 साल की कैद

दुर्ग। नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को 10-10 साल की कैद और 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह राशि जमा नहीं करने पर आरोपियों को 3-3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में दो आरोपियों को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। वहीं एक अन्य आरोपी राजनांदगांव निवासी मनोज डोंगरे को जेल में बिताए 139 दिन और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विशेष न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 22 मई 2025 को सुबह करीब 10 बजे की है। सेलूद-पाटन मार्ग पर आरोपी एक्टिवा में नशीली दवा बेचने के फिराक में थे। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों में बठेना का कृष्णा यादव (21 वर्ष), घुघवा का अजय यादव (21 वर्ष), राजनांदगांव का मनोज डोंगरे (27 वर्ष), केसरा रानीतराई का गोवर्धन लाल सिन्हा और नेतराम शामिल बताया गया।

निधन

सूरज देवी बाफना

साजा। बीजा निवासी एवं स्व. डॉ. राणीदान बाफना की धर्मपत्नी सूरज देवी बाफना का रायपुर में निधन हो गया। वे गौतम, महावीर, नेमीचंद एवं डॉ. पदम बाफना की माताजी थीं।



अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे सहित साजा, देवकर, बेमेतरा एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे गणमान्य नागरिकों व समाजजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

मां महामाया धाम में युवाओं ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुचिपुर में मंदिर परिसर समेत पंचायत भवन व आसपास के क्षेत्र में किया श्रमदान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुचिपुर स्थित माँ महामाया धाम में युवा मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान किया। युवाओं ने मंदिर परिसर, पंचायत परिसर और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया। माँ महामाया धाम जैसे आस्था के प्रमुख केंद्र में युवाओं को हाथों में झाड़ू थामकर सफाई करते देख ग्रामीणों में भी उत्साह नजर आया। अभियान के दौरान स्वच्छता को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे नियमित आदत और सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया गया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। युवा संघ द्वारा अभियान के तहत स्वच्छता सहित 13 प्रमुख सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। युवा संघ अध्यक्ष ओमकार साहू ने कहा कि माँ महामाया धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे धार्मिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। युवा मोर्चा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में लगातार सक्रियता के साथ अपनी भागीदारी निभा रहा है।



ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विजय वर्मा, ओमकार साहू, महामाया रामसागर साहू, रानी साहू, मखनपुर संतु साहू, कुंवा बलराम यादव, सचिव राजकुमार साहू, रोजगार सहायक खोमराम ध्रुव, नरेश वर्मा, सुरेश वर्मा, जीवन डेहरे, गया वर्मा, अनीता साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मारो नगर पंचायत चुनाव में लोकप्रिय कार्यकर्ता को मिलेगा टिकट: माहेश्वरी

कार्यकर्ता-जनता के बीच मजबूत पकड़ वाले चेहरे को प्रत्याशी बनाने का संकेत, कांग्रेस ने शुरू की चुनावी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/मारो

- कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में पर्यवेक्षक सुनील माहेश्वरी ने दिए संकेत, वार्ड स्तर पर रायशुमारी से तय होगी रणनीति

आगामी नगर पंचायत निर्वाचन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट के तत्वावधान में शनिवार को नगर पंचायत मारो स्थित मावली माता मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुनील माहेश्वरी ने स्पष्ट संकेत दिया कि कांग्रेस ऐसे कार्यकर्ता को टिकट देगी, जो संगठन के साथ-साथ जनता के बीच भी लोकप्रिय हो।

माहेश्वरी ने कहा कि टिकट चयन में कार्यकर्ता की सक्रियता, जनता के बीच उसकी स्वीकार्यता और संगठन के प्रति समर्पण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार की जाएगी और संभावित दावेदारों की सक्रियता भी देखी जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर मारो नगर पंचायत में विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासन के बाद नगर में विकास कार्य ठप पड़े हैं। स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर कांग्रेस घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी के साथ चुनाव मैदान में उतरकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाकर चुनाव लड़ा जाएगा। पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि अध्यक्ष और पार्षद पद के सभी संभावित दावेदार अपने-अपने वार्डों में सक्रिय हो जाएं। उन्होंने कहा कि टिकट का निर्णय जनता की रायशुमारी और संगठन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा। बैठक में झम्मन बघेल, छोटेलाल साहू, विजय बघेल, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशील जोशी और नांदघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने भी संगठन और आगामी चुनाव को लेकर विचार रखे।



इस दौरान नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी अनंत, संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत, हीरा भारती, प्रमोद शर्मा, विजय ठाकुर, सतीश मारकंडे, पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर मीरी, राजेंद्र टंडन, सुभाष बघेल, भागवत भारती, बेनलाल कुर्रे, बसंत कुर्रे, रानिया देवी, भागीरथी यादव, लोचन साहू, चोला वर्मा, गुड्डू खान, शोभा साहू, परमेश्वर वर्मा, लुकेश्वर सोनवानी, रामनाथ मीरी, भुनेश्वर पाल सहित कांग्रेस पदाधिकारी, नगर पंचायत मारो क्षेत्र के कार्यकर्ता, पार्षद, पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। कार्यकर्ताओं ने आगामी नगर पंचायत निर्वाचन में पूरी एकजुटता और समर्पण के साथ संगठन के पक्ष में काम करने का संकल्प लिया।

कल टाउन हॉल में जुटेंगे जिलेभर के युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 'युवा उड़ान 2026' में विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत तक युवाओं की भूमिका पर होगी परिचर्चा

युवाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन- 2047 से जोड़ने और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को गति देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से टाउन हॉल बेमेतरा में होगा। इसमें जिलेभर से विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय और प्रतिभाशाली युवाओं की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थी, महाविद्यालयीन छात्र, कला, साहित्य, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले युवा, खेल अकादमियों के प्रशिक्षणार्थी, सीजीपीएससी एवं यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके अलावा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी, छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थी, दिव्यांगजन तथा आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली युवाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में विषय - विशेषज्ञ युवाओं के साथ सीधे संवाद करेंगे। प्रश्नोत्तर और सुझाव सत्र के माध्यम से युवाओं की जिज्ञासाओं और विचारों को मंच मिलेगा। परिचर्चा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, वन नेशन-वन इलेक्शन तथा विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

पंजीयन के बाद कार्यक्रम में हो सकेंगे शामिलः कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित गूगल फॉर्म, माय भारत पोर्टल तथा युवा आयोग की वेबसाइट पर दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने जिले के सभी युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर 'युवा उड़ान 2026' में सहभागिता करने की अपील की है।

सेवा संकल्प अभियान

आज अंबेडकर भवन साजा में विशाल रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल साजा एवं थानखमरिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे अंबेडकर भवन साजा में होगा। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न स्तरों के जनप्रतिनिधियों और संगठन से जुड़े लोगों से रक्तदान कर अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने बताया कि शिविर में भाजपा मंडल साजा एवं थानखमरिया के सभी पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक व सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रभारी सहित जिला पंचायत सदस्य, जिले एवं प्रदेश में निवासरत भाजपा पदाधिकारी, जनपद सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद शामिल होंगे।

इसके अलावा सहकारी समिति अध्यक्ष, शाला विकास समिति अध्यक्ष, सरपंच, उपसरपंच, पंच, मीडिया प्रभारी सहित मंडल के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को भी शिविर में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही शिविर में आने वाले रक्तदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई है। मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से निर्धारित समय पर पहुंचकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है।

गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने पोषण व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- पोषण, स्वच्छता और कुपोषण से बचाव की दी जानकारी

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बेरला के गृह विज्ञान विभाग ने वार्ड भाटापारा स्थित आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में जागरूकता कार्यक्रम, आंगनबाड़ी भ्रमण एवं नेवता भोज का आयोजन किया। हमारी आंगन बाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें पौष्टिक आहार का महत्व बताया और स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आस्था तिवारी ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर आंगनबाड़ी केंद्र के लिए रवाना कर की। केंद्र पहुंचने पर सहायिका शकुंतला देवांगन ने महाविद्यालय की टीम का स्वागत किया तथा केंद्र की दैनिक गतिविधियों और बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी दी। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्ति का संदेश देते हुए गृह विज्ञान के विद्यार्थियों ने स्वयं तैयार किए कपड़े के थैले बच्चों को उपहार स्वरूप भेंट किए।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नेवता भोज की परंपरा को आत्मीयता के साथ निभाया। छात्र-छात्राएं अपने घरों से स्वच्छता एवं शुद्धता के साथ तैयार किए गए पौष्टिक व्यंजन लेकर पहुंचे। इसमें हरी सब्जियां, दाल, अंकुरित अनाज, हलवा सहित अन्य व्यंजन शामिल रहे। विद्यार्थियों ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। इससे आंगनबाड़ी केंद्र में आत्मीयता और उत्साह का माहौल बना रहा। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रिचा ताम्रकार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आंगनबाड़ी सहायिका, माताओं एवं बच्चों को संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी। भोजन में प्रोटीन, सूक्ष्म पोषक तत्वों की भूमिका, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा कुपोषण से बचाव के लिए अपनाए जा सकने वाले सरल घरेलू उपायों के बारे में भी बताया गया।

विद्यार्थियों ने बच्चों के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। बालगीत एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया गया। इससे आंगनबाड़ी केंद्र में पूरे समय उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

विद्यार्थियों में विकसित होता है सामाजिक दायित्व : डॉ. आस्था

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आस्था तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक जीवन की वास्तविकताओं से जोड़ते हैं। इससे उनमें सामाजिक संवेदनशीलता, सेवा भावना और नैतिक दायित्व बोध विकसित होता है। कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों तथा आंगनबाड़ी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कर्मवीर सिंह के आगमन पर सिन्हा ने किया स्वागत, संगठन को नई ऊंचाई मिलने का जताया विश्वास



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा ओबीसी मोर्चा के सरगुजा संभाग प्रभारी एवं भाजपा नेता तथा पूर्व प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कर्मवीर सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की।

होरीलाल सिन्हा ने कहा कि कर्मवीर सिंह के संगठनात्मक अनुभव और कुशल नेतृत्व का लाभ छत्तीसगढ़ भाजपा को मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में पार्टी का संगठन बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक और अधिक मजबूत एवं प्रभावी होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन महामंत्री के रूप में कर्मवीर सिंह कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने के साथ ही संगठन की गतिविधियों को और गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। पार्टी की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। संगठन महामंत्री के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

त्योहारी सीजन की शुरुआत में ही घंटों लग रहा जाम, सड़क पर बेतरतीब पार्किंग से व्यापारी और ग्राहक परेशान

शहर के भीतरी इलाकों सहित बाजार की पार्किंग व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्योहारी सीजन की शुरुआत होते ही शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पर्वों की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। इसके चलते मुख्य बाजार और भीतरी मार्गों में यातायात का दबाव बढ़ गया है। सबसे बड़ी समस्या वाहनों की पार्किंग को लेकर सामने आ रही है। प्रताप चौक सहित आसपास के प्रमुख मार्गों पर पार्किंग के लिए जगह नहीं मिलने से वाहन सड़क पर ही खड़े किए जा रहे हैं। बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे व्यापारी और आमजन दोनों परेशान हैं।

अक्टूबर माह शुरू होते ही त्योहारी गतिविधियां तेज हो गई हैं। करवा चौथ के बाद लगातार पर्वों की श्रृंखला शुरू होने वाली है और दीपावली का प्रमुख पर्व भी है। इसे लेकर बाजार में अभी से खरीदारी बढ़ गई है। दुकानों में सजावट का काम शुरू हो चुका है और सुबह से देर शाम तक बाजार में लोगों की चहल-पहल बनी हुई है। आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। बाजार में बढ़ती भीड़ के बीच वाहनों की पार्किंग सबसे बड़ी समस्या बन गई है। प्रताप चौक के आसपास सामान्य दिनों में भी पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती। त्योहारी सीजन में स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रताप चौक से बाजार की ओर जाने वाले मार्ग पर दोनों तरफ वाहन खड़े किए जा रहे हैं। पार्किंग की कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई कम हो रही है और यातायात प्रभावित हो रहा है।



दुकानों का सामान भी सड़क तक, पैदल चलना मुश्किल

बाजार क्षेत्र में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सामान भी सड़क और फुटपाथ तक फैला हुआ है। ऐसे में पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। दूसरी ओर वाहनों की पार्किंग के लिए भी स्थान नहीं मिलने से सड़क पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। व्यस्त मार्गों पर आए दिन जाम लगने से खरीदारों के साथ दुकानदारों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

त्योहार में बढ़ेगी भीड़ व्यवस्था को लेकर चिंता

आगामी दिनों में दीपावली सहित अन्य पर्वों को लेकर बाजार में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में वर्तमान पार्किंग व्यवस्था के चलते स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते पार्किंग और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित नहीं किया गया तो त्योहारी खरीदारी के दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व वर्षों में भी त्योहार के दौरान बाजार में जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या सामने आती रही है। ऐसे में प्रशासन और यातायात विभाग से समय रहते आवश्यक व्यवस्था किए जाने की जरूरत है, ताकि खरीदारों, स्थानीय व्यापारियों और दूर-दराज से दुकान लगाने पहुंचने वाले कारोबारियों को परेशानी से राहत मिल सके।

